हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 164 | देहरादून, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन खेल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया 3

# पंचायत चुनाव में 2019 से पूर्व वालों पर नहीं लागू होगा दो बच्चों वाला नियम : सतपाल महाराज

**आशीष तिवारी की विशेष रिपोर्ट - न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टिहरी गढ़वाल, 18 दिसंबर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने वाले जनप्रतिनिधि जिनके दो से अधिक बच्चे हैं उनके लिए राहत की खबर है। ऐसे सभी पात्र व्यक्ति पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं जिनके 25 जुलाई 2019 से पूर्व दो से अधिक बच्चे हैं। ये गुड न्यूज़ दी है प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने जो अब पहुंचे हैं अपने गढ़वाल भ्रमण के सातवें दिन टिहरी .. उन्होंने जनपद मुख्यालय सभागार में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते करते हुए कई बड़ी बातें कही है ।

कवरिष्ठ कैबिनेट मिनिस्टर महाराज ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने वाले ऐसे सभी पात्र व्यक्तियों जिनके 25 जुलाई 2019 से पहले दो से अधिक बच्चे हैं उनके चुनाव लड़ने पर अब दो बच्चों की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश केधर्मस्य एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने जिला मुख्यालय सभागार में 13 करोड की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के साथ-साथ टिहरी बांध प्रभावित परिवारों के पात्र 100 लोगों को 29 करोड़ 55 लाख 33 हजार 7 सौ 37 रुपये की धनराशि के चेक एवं रौलाकोट के 113 पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटन पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि टिहरी बांध प्रभावित परिवारों की मुआवजे एवं पुनर्वास संबंधी लंबे समय से चल रही मांगों को लेकर हम लगातार प्रयासरत रहे है। पुनर्वास विभाग के पास पुनर्वास हेतु भूमि का अभाव होने के कारण हमारी सरकार द्वारा भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री को प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास की समस्या के निदान हेतु प्रस्ताव रखा गया था जिस पर ऊर्जा सचिव एवं टीएचडीसी और पुनर्वास निदेशालय के अधिकारियों की बैठकों के पश्चात और मेरे स्वयं के द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता से किए जाने के परिणाम स्वरूप टिहरी बांध प्रभावित परिवारों को की पुनर्वास संबंधी समस्याओं का काफी हद तक निराकरण हुआ है ।उन्होंने कहा कि पारसी क्षति नीति के तहत प्रभावित परिवारों को अब तक 40 करोड से अधिक की धनराशि मुआवजे के रूप में दी जा चुकी है जबकि अन्य प्रभावित ग्रामों के पात्र व्यक्तियों को भी शीघ्र मुआवजा दिये जाने के अलावा उनकी पुनर्वास संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।लोकार्पण, शिलान्यास एवं चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंहं, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोना सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूडी, खेम सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र भण्डारी, श्रीमती मीना खाली, शिवानी बिष्ट, बसुमति घणाता, सीता देवी, प्रतापनगर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला, भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत एवं राजेन्द्र जुयाल, दिनेश डोभाल, जगदम्बा रतूड़ी, शीशराम थपलियाल, रामकुमार कठैल सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।





**इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास-लोकार्पण** : प्रदेश के लोक निर्माण, पंचायतीराज एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने जनपद में लोक निर्माण, लघु सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग की जिन विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया उनमें मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 432.12 लाख की धनराशि से नरेंद्र नगर, मुनीकीरेती की विभिन्न सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के अलावा राज्य योजना के अंतर्गत प्रतापनगर में उत्तरकाशी, लम्बगांव, घनसाली, तिलवाडा ( NH 15 ) के 567.50 लाख की धनराशि से किये गये लम्बगांव-कोटालगांव-चमियाला मोटर मार्ग के नवीनीकरण के कार्य, विकासखंड भिलंगना में 49.86 लाख की लागत के डाबरा बैण्ड से गौजियाणा मोटर मार्ग में पी.सी. द्वारा डामरीकरण कार्य, 98.54 लाख की धनराशि से लम्बगांव-कोटालगांव-चमियाला से चंगोरा गांव हेतु मोटर मार्ग के पी.सी. द्वारा डामरीकरण के कार्य के साथ-साथ विकासखंड देवप्रयाग के दूयली और विकासखंड भिलंगना के सैन्दुल में लघु सिंचाई विभाग द्वारा 21.80 लाख की लागत से निर्मित सोलर पंपों का लोकार्पण करने के अलावा पंचायती राज विभाग के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद के कीर्तिनगर विकासखंड में ग्राम पंचायत बडोला में 20 लाख की लागत के पंचायत भवन, ग्राम पंचायत कफना में 20 लाख की धनराशि से प्रस्तावित पंचायत भवनों के निर्माण कार्य, विकासखंड जौनपुर के ग्राम पंचायत घण्डियाला में 20 लाख के पंचायत भवन, विकासखंड थौलधार के ग्राम पंचायत पगारी में 20 लाख के पंचायत भवन, विकासखंड प्रतापनगर की ग्राम पंचायत काण्डा में 20 लाख और ग्राम पंचायत नकोट में 20 लाख की लागत से बनने वाले पंचायत भावनों के शिलान्यास सहित कुल 1289.82 लाख की धनराशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।

### महाराज ने टिहरी बांध प्रभावित परिवारों को दी 29 करोड़ 55 लाख 33 हजार की धनराशि

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज के प्रयासों के परिणाम स्वरूप टिहरी बांध परियोजना के प्रभावित परिवारों को पार्श्विक क्षति नीति के तहत लंबे समय के इंतजार के पश्चात मुआवजे की 295,533,737.00 की धनराशि के चैक और भूखंड के पट्टो का आवंटित किया गया ।सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज के प्रयासों के परिणाम स्वरूप शनिवार को नंदगांव के 20 पात्र व्यक्तियों को 46,565,555.00, की धनराशि, गडोली के 39 पात्र व्यक्तियों को 127,811,557.00 की धनराशि और खाण्ड धारमण्डल के 41 पात्र व्यक्तियों को 121,156,625 करोड़ की धनराशि सहित कुल 295,533,737.00 की धनराशि के चैक वितरित करने के साथ-साथ रौलाकोट के 113 पात्र व्यक्तियों को भूखंड पट्टों का आवंटन किया गया।

# उत्तराखंड के 2 जिलों में शीतलहर की चेतावनी, पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। उत्तराखंड के 2 जिलों में शीतलहर की चेतावनी, इस बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड के मैदानी जिलों में शीत लहर को लेकर चेतावनी दी है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार मैदानी जिलों में कोहरा छाए रहने की भी संभावनाएं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिन तक ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क रह सकता है और ठंड में इजाफा हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार उधम सिंह नगर से लेकर हरिद्वार और आसपास के मैदानी क्षेत्रों में शीतलहर को लेकर भी चेतावनी दी गई है। बता दें कि उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है और प्रदेश में आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड और भी अधिक बढ़ सकती है।

पहाड़ों में पाला लोगों की दुश्वारियां बढ़ रहा है तो वहीं मैदानी क्षेत्रों में सुबह एवं शाम में कोहरा छाए रहने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में तो अधिकांश जगहों पर धूप खिली रहती है मगर सुबह और शाम ठंड मुसीबत बढ़ा रही है। इसी बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में कोहरा छाने के अलावा कहीं कहीं पर शीतलहर चलने की भी संभावनाएं जताई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के उत्तराखंड के उधम सिंह नगर और हरिद्वार में कोहरा छाने के अलावा कहीं कहीं पर शीतलहर की संभावनाएं हैं। इसी के साथ में मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं पाला पड़ने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज प्रदेश में अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद है.






# गाथा गुरु राम राय की, कहानी देहरादून की

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। हमारा भारत धर्म , आस्था , सम्प्रदाय , धार्मिक मान्यताओं और गुरु परम्परा का देश है। देवभूमि उत्तराखंड की पवित्र ज़मीन पर एक ऐसे ही महापुरुष के पांव जब पड़े तो गाथा ही नहीं एक स्वर्णिम इतिहास इतिहास बना। हम बात कर रहे हैं गुरु राम राय महाराज की जो सातवीं पातशाही (सातवें सिख गुरु) श्री गुरु हर राय जी के पुत्र थे। गुरू हरराय साहिब ने अपने गुरूपद काल के दौरान बहुत सी कठिनाइयों का सामना किया। मसंद, धीरमल एवं मिनहास जैसों ने सिख पंथ के प्रसार में बाधाएं उत्पन्न की। शाहजहां की मृत्यु के बाद गैर मुस्लिमों के प्रति शासक औरंगजेब का रूख और कड़ा हो गया।

मुगल शासक औरंगजेब ने सत्ता संघर्ष की स्थितियों में, गुरू हरराय साहिब जी द्वारा की गई दारा शिकोह की मदद को राजनैतिक बहाना बनाया। उसने गुरू साहिब पर बेबुनियाद आरोप लगाये। उन्हें दिल्ली में पेश होने का हुक्म दिया गया। गुरू हरराय साहिब जी ने रामराय जी को दिल्ली भेजा। उन्होंने सिख धर्म एवं गुरू घर के प्रति फैलायी गयी भ्रांतियों को स्पष्ट करने का प्रयास किया। कुछ यह भी लिखते हैं कि वहाँ पर उन्होने चमत्कार भी दिखाये.यह कहा जाता है कि रामराय जी ने मुगल दरबार में गुरबाणी की त्रुटिपूर्ण व्याख्या की। यह सिखों के लिये निन्दनीय था। जब गुरू हरराय साहिब जी को इस घटना के बारे में बताया गया तो उन्होने राम राय जी को तुरंत सिख पंथ से निष्कासित किया। राष्ट्र के स्वाभिमान व गुरुघर की परम्पराओं के विरुद्ध कार्य करने के कारण रामराय जी को यह कड़ा दण्ड दिया गया। इस घटना ने सिखों में देश के प्रति क्या कर्तव्य होने चाहिए, ऐसे भावों का संचार हुआ। सिख इस घटना के बाद गुरु घर की परम्पराओं के प्रति अुनशासित हो गए। इस प्रकार गुरू साहिब ने सिख धर्म के वास्तविक गुणों, जो कि गुरू ग्रन्थ साहिब जी में दर्ज हैं, गुरू नानक देव जी द्वारा बनाये गये किसी भी प्रकार के नियमों में फेरबदल करने वालों के लिए एक कड़ा कानून बना दिया। अपने अन्तिम समय को नजदीक देखते हुए उन्होने अपने सबसे छोटे पुत्र गुरू हरकिशन जी को 'अष्टम नानक' के रूप में स्थापित किया। कार्तिक वदी ९ (पांचवीं कार्तिक), बिक्रम सम्वत १७१८, (६ अक्टूबर १६६१) में कीरतपुर साहिब में ज्योति जोत समा गये।






जब गुरु हर राय जी ने रामराय जी को घर व पंथ से निष्कासित कर दिया तो जब रामराय जी अपनी संगत के साथ भ्रमण करते हुए १६७६ में देहरादून आये, इस हरी भरी घाटी ने उनका मनमोह लिया. तो औरंगजेब ने उन्हें देहरादून में रहने में सहायता करने के लिये गढवाल नरेश को कहा. गढवाल नरेश फतेह शाह ने रामराय जी को देहरादून में बहुत अधिक जमीन दे दी. औरंगजेब ने रामराय को हिंदू पीर की उपाधी दी। कहा जाता है कि जब रामराय जी देहरादून आये तो एक स्थान पर उनके घोड़े का खुर धंस गया. रामराय जी ने संगत को वहीं पर डेरा लगाने का निर्देश दिया और उस स्थान को अब खुड़बड़ा कहा जाता है. रामराय जी को जब अपना डेरा लगाने के लिये जमीन मिल गयी तो (जो देहरादून शहर के लगभग आधे क्षेत्रफल के बराबर है) उनका डेरा यहीं बस गया और कहा जाता है कि इसी से आज हम और आप इस शहर को देहरादून के नाम से पुकारते हैं। .



गुरु रामराय जी ने यहाँ पर एक गुरुद्वारा "दरबार साहिब" बनाया. यहाँ पर विद्यार्थियों को निशुल्क संस्कृत व ज्योतिष शास्त्र की शिक्षा दी जाती थी. गुरु रामराय साहिब ने उदासीन सम्प्रदाय की स्थापना की. जब गुरु रामराय जी ब्रह्मलीन हो गये. उनकी 4 पत्नियाँ थी पर कोई संतान न थी. उनके बाद उनका कार्यभार सम्भाला उनकी सबसे छोटी पत्नि माता पंजाब कौर ने लेकिन वे कभी गद्दी पर न बैठी. उन्होंने ही दरबार साहिब में महंत परम्परा प्रारम्भ की. महंत बनने के लिये शर्त यह है कि वह अविवाहित होना चाहिये व महंत बनने के पश्चात भी वह विवाह बंधन में नहीं बंध सकता, वह उत्तराखंड का ब्राहमण होना चाहिये. उन्होंने गुरु रामराय मिशन बनाया. इन महंतों ने विषेशकर उत्तराखंड में शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया. आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिये यह वरदान से कम न था और न आज है। आज चिकित्सा शिक्षा और सामाजिक दायित्वों में एसजीआरआर एक मिसाल बन चूका है जहाँ देश भर के युवाओं का भविष्य तराशा जा रहा है वहीं मेडिकल के क्षेत्र में भी इस मिशन के प्रमुख और आध्यत्मिक महागुरु श्री महंत देवेंद्र दास जी और उनकी समर्पित टीम उन्हीं पदचिन्हों पर आगे बढ़ते हुए देश निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

आपको बता दें कि वर्तमान में महंत देवेंद्र दास जी इस परम्परा में दसवें महंत हैं। . गुरु रामराय जी के देहरादून आने के उपलक्ष में 300 वर्षों से अधिक समय से एक मेला लगता है. इसे झंडे का मेला कहा जाता है. होली के पांच दिन बाद मेला लगता है. इसका प्रारम्भ झंडारोहण से होता है. उत्तराखंड के सुदूर गावों से इस मेले के दिन व झंडारोहण देखने के लिये लोग आते हैं.

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश हरियाणा व पंजाब तथा विदेशों से भी इस सम्प्रदाय के लोग आते हैं. यह झंडा एक बहुत बड़े सीधे पेड़ के तने का बना होता है. इस पर लपेटने के लिये कपड़े की बुकिंग 100 वर्ष तक पहुँच गयी है. लोग अपनी मन्नत के अनुसार उपर से और कपड़े भी लगाते हैं. उस दिन वहाँ पर तिल रखने की भी जगह नहीं होती है

# एंटीबायोटिक खाने से पहले ये खबर ज़रूर पढ़ लीजिये

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 18 दिसंबर। एंटीबायोटिक दवाएं बैक्टीरिया के संक्रमण के उपचार में इस्तेमाल की जाती हैं। जिनसे शरीर में नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकने में मदद मिलती है। कुछ बैक्टीरिया के लिए खास एंटीबायोटिक होते हैं। ये एंटीबायोटिक दवाएं अन्य बैक्टीरिया, वायरल या फंगल संक्रमण के खिलाफ काम नहीं करती है। दूसरी दवाओं की तरह एंटीबायोटिक्स के भी शरीर पर कुछ बुरे असर होते हैं। इन्हें जरुरत और सही मात्रा में लेना जरूरी होता है। इस मात्रा का निर्धारण किडनी और लिवर पर पड़ने वाले असर को देखते हुए किया जाता है। गंभीर संक्रमण की स्थिति में एंटीबायोटिक देना जरूरी हो जाता है और इसमें देरी होना सेहत पर जोखिम को बढ़ा देता है। बावजूद एंटीबायोटिक डॉक्टर के परामर्श से ही लेना जरूरी है।

**डॉक्टर के परामर्श के बिना एंटीबायोटिक दवाएं लेने नहीं है खतरे से खाली**

डॉक्टर के परामर्श के बिना एंटीबायोटिक दवा लेने के कारण शरीर में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस विकसित होने लगता है। डब्ल्यूएचओ (WHO) के तथ्यों के अनुसार वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, गैर संचारी रोग, एचआईवी आदि समेत एंटीबायोटिक्स का ज्यादा सेवन सेहत की दस प्रमुख समस्याओं में से एक है। 2050 तक इस समस्या के कारण दुनिया में हर साल एक करोड़ लोगों की मौत का अनुमान है। एंटीबायोटिक दवाओं का बहुत इस्तेमाल करने से उपयोगी बैक्टीरिया भी नष्ट हो जाते हैं। साथ ही डायरिया, पाचन और आंतों से जुड़ी दूसरी समस्याओं को जोखिम बढ़ जाता है। बिना डॉक्टर की सलाह खुद से एंटीबायोटिक की गलत मात्रा का सेवन करते रहना, बीमारी बढ़ाने लगता है। हर दवा के कुछ साइड इफेक्ट होते हैं। दवा लिखते समय डॉक्टर इनका ध्यान रखते हैं और साइड इफेक्ट्स को कम करने की दवा भी देते हैं। एक बार शरीर में एंटीबायोटिक का रेजिस्टेंस हो जाता है, तब दवाएं काम नहीं करती, साथ ही शरीर में हानि पहुंचाने वाले बैक्टीरिया बढ़ने लगते हैं। ऐसे में संक्रमण कम करने की जगह दवा लेने पर संक्रमण बढ़ने लगता है।





**गांठ बांध लें ये बातें**

हर इंसान के लिए इलाज और दवा की मात्रा अलग होती है। यह एंटीबायोटिक संक्रमण और उम्र से भी तय होता है। डायरिया, उल्टी, मतली, चकत्ते, सांस लेने में कठिनाई और चक्कर आने पर तुरंत डॉक्टर से मिलें।

दीर्घकालीन असरः जिस संक्रमण के लिए दवाई बार-बार ली जाती है, वो बार-बार होने लगता है। इसके अलावा बिना सलाह दवाएं लेने से बोन मैरो, जिनकी रक्त कोशिकाओं और फ्लेटलट्स बनाने में खास भूमिका होती है, उस पर बुरा असर पड़ता है। इससे डायरिया हो सकता है।जरूरी क्या हैः परिवार में किसी भी सदस्य का जीवन अनावश्यक एंटीबायोटिक का सेवन करके खतरे में ना डालें। इससे दूसरे सदस्यों में भी गंभीर संक्रमण का खतरा बढ़ता है।

# उत्तराखंड में बाइक से रोजगार पा रहे हैं. नौजवान, आप भी उठाएं इस योजना का लाभ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल,18 दिसंबर। उत्तराखंड की छवि पर्यटन प्रदेश की है। यहां के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री टैक्सी मोटरसाइकिल योजना शुरू की गई है। प्रदेश के युवाओं के साथ ही देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी इस योजना से फायदा हो रहा है। टैक्सी बाइक के जरिए नैनीताल के कई क्षेत्रों में युवा हर दिन हजार से 1500 रुपये तक की कमाई कर रहे हैं। इससे युवाओं को रोजगार मिला है. और पर्यटन को बढ़ावा भी। योजना के तहत नैनीताल जिले में नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक की 33 शाखाएं प्रत्येक आवेदक के लिए एक लाख 25 हजार रुपये का लोन स्वीकृत करेंगी। आवेदन करने वालों को सरकार की ओर से दो साल का ब्याज दिया जाएगा। इसके लिए नैनीताल जिला निबंधक सहकारी समिति की ओर से कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री टैक्सी मोटरसाइकिल योजना का लाभ लेने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए,



पहली शर्त ये है कि आवेदक को उत्तराखंड का स्थायी निवासी होना चाहिए। उसकी उम्र 18 से 55 साल के बीच होनी चाहिए। आवेदक का न्यूनतम सिबिल स्कोर 700 से कम नहीं होना चाहिए। आवेदक को किसी वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था का बकायेदार नहीं होना चाहिए। नैनीताल जिला सहायक निबंधक बलवंत सिंह मनराल ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

नैनीताल, भीमताल, साततताल समेत पहाड़ के कई स्थानों पर पर्यटक घूमने के लिए आते हैं और टैक्सी बाइक की वहां ज्यादा मांग रहती है। इन क्षेत्रों में कई युवा रोजगार से जुड़ चुके हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इस योजना का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ना है।

# भारत जोड़ो यात्रा में यशपाल आर्य जोड़ रहे उत्तराखंड, लक्ष्य 2024

**देहरादून से आशीष तिवारी की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







देहरादून , 18 दिसंबर। बीते 100 दिनों में देशभर के अलग-अलग राज्यों और अलग-अलग प्लेटफार्म पर हार झेलने के बावजूद कांग्रेस की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि उसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी भारत जोड़ने निकले हैं । मकसद क्या है यह पार्टी जाने और उसके रणनीतिकार , लेकिन चर्चा में यह यात्रा जरूर है। शुरुआत हुई राहुल गांधी के महंगे टीशर्ट से और बात उनकी दाढ़ी तक पहुंची। लेकिन जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी उसको मिल रहे जनसमर्थन और तस्वीरों में उमड़ रही भीड़ को देखकर विपक्षियों को भी लगने लगा है कि यह कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित हो सकती है।

राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कई राज्यों के मुख्यमंत्री सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी रोजाना पैदल चल रहे हैं और स्थानीय मुद्दों को उठाकर मीडिया से रूबरू हुई हो रहे हैं। इस दौरान लगातार सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी नजर आ रही हैं । इन सब का मकसद है 2024 से पहले भाजपा के रास्ते में एक बड़ी चुनौती बनकर देश के ज्वलंत विषयों को उठाना और राजनीतिक ताक़त बढ़ाना। लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है ।अगर आप उत्तराखंडी है और उत्तराखंड में रहते हुए इस यात्रा को देख रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। दरअसल राहुल गांधी भारत जोड़ने की बात तो करते हैं लेकिन उनके पार्टी के अंदर ही तमाम गुट है जो पार्टी को छिन्न-भिन्न करने पर तुले रहते हैं । बड़े मठाधीश नेता हो या उभरते हुए युवा नेता , पार्टी में अपना दबदबा रसूख और कुर्सी हासिल करने के लिए वह लगातार जोड़-तोड़ में लगे रहते हैं। जिसका नुकसान पार्टी को चुनाव में उठाना पड़ता है। इतिहास की बात करें तो बीते विधानसभा के तमाम चुनाव इस बात की गवाही देते हैं कि गुटबाजी और महत्वाकांक्षा ने कांग्रेस को उन्हीं के नेताओं के हाथों हाशिए पर पहुंचा दिया है। लेकिन देवभूमि उत्तराखंड के नेताओं की इस वक्त जो तस्वीर भारत जोड़ो यात्रा में दिखाई दे रही है वह एक सुखद संकेत माना जा सकता है। और इसके सूत्रधार बनकर उभरे हैं उत्तराखंड के नेता विपक्ष और दिग्गज कांग्रेसी लीडर यशपाल आर्य.....

उत्तराखंड की राजनीति में एक बड़ा चेहरा माने जाते हैं बाजपुर से विधायक और कई बार के कैबिनेट मंत्री रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। जिनकी भूमिका केंद्रीय मंच पर आजकल बेहद महत्वपूर्ण नजर आ रही है। ऐसा माना जा रहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी यशपाल आर्य पर पूरी तरह से भरोसा जताते हुए उन्हें पहाड़ में पंजे को मजबूत करने की खुली छूट दे रही है । यही वजह है कि पार्टी के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ कदमताल करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी लीडर यशपाल आर्य पूरे जोशो के साथ भारत जोड़ो यात्रा में अपना पसीना बहा रहे हैं।

दरअसल उत्तर प्रदेश में लगभग खत्म हो चुकी कांग्रेस गुजरात में जिस तरह से दम तोड़ती नजर आ रही है उसके बाद हिमाचल से लगे सटे राज्य उत्तराखंड में कांग्रेस को लगता है संजीवनी मिल सकती है । अगर उसके नेता एकजुटता के साथ विपक्ष पर हमलावर हो , लेकिन यहां पर जिस तरह की गुटबाजी बीते 10 सालों में नजर आई हैं उसने पार्टी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। यहां प्रीतम , हरीश , करन माहरा और अनेक ऐसे बड़े नेता हैं जिनके अपने अपने खेमे हैं और उनकी अपनी अपनी महत्वाकांक्षा, लिहाजा भाजपा भी कहती है कि कांग्रेस चुनाव में खुद अपने नेताओं से ही लड़ते हुए हार जाती है। ऐसे में भारत जोड़ो यात्रा के इस महा अभियान में अगर पार्टी के नेताओं को एकजुट करते हुए एक साथ देखा जा रहा है तो उसकी कहीं ना कहीं बड़ी वजह यशपाल आर्य की रणनीति है । वही यह दिखाने की कोशिश है कि अब वक्त बदल चुका है और पार्टी एकजुटता और एक विचार के साथ उत्तराखंड में 2024 का चुनाव जीतने के लिए भाजपा का मुकाबला करने को तैयार है।

इसके पीछे लोगों का यह भी सोचना है कि अगर 2024 में विपक्ष के नेता यशपाल आर्य बेहतर नतीजा दे पाते हैं तो कहीं ना कहीं 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में वह पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा बन चुके होंगे। तब पार्टी उन्हें अपने मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में भी पेश कर सकती है। क्योंकि उम्र जोड़-तोड़ और अनुभव के आधार पर 2027 में यशपाल आर्य बेहतरीन विकल्प बनकर उभर सकते हैं। ऐसा पहाड़ की जादुई राजनीति को समझने वाले भी मान रहे हैं।

उत्तराखंड कांग्रेस की राजनीति को लंबे समय से देख रहे वरिष्ठ मतदाताओं से जब हमने बात की तो उन्होंने भी कहा कि अगर पार्टी में एकजुटता और साफ-सुथरी राजनीति नजर आएगी तो लोग जरूर कांग्रेस की तरफ वापस लौटेंगे। जिसके लिए एक भरोसेमंद नेतृत्व का होना बेहद जरूरी है। जिस तरह से हरीश रावत समय-समय पर अपने रिटायरमेंट की बात कहते हैं , और अन्य नेता दिग्गज यशपाल आर्य के सामने अनुभव में काफी पीछे हैं , ऐसे में अगर उत्तराखंड में 2024 और 2027 के चुनाव नतीजे पार्टी को अपने पक्ष में करना है तो आर्य को खुली छूट के साथ पूरा सहयोग देकर पार्टी आलाकमान अपने संघर्ष के दिनों को जीत में भी बदल सकती है।

# मुख्यमंत्री ने बैडमिंटन खेल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






देहरादून , 18 दिसंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं भी बैडमिंटन खेल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। यह बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 से 19 दिसम्बर 2022 तक चलेगा। जिसमें प्रदेश की 25 टीमें भाग ले रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा शानदार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से कार्मिकों को साथ खेलने एवं एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है।

विभिन्न विभागों के बीच में होने वाली इस बैडमिंटन प्रतियोगिता से विभागों में आपस में समन्वय बढ़ेगा। विभागीय कार्यों के साथ खेल को भी बढ़ावा देने का यह सराहनीय प्रयास है। खेल भावना अपने कार्यों के प्रति अनुशासन के लिए भी प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य की नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के पास प्रकृति प्रदत्त सब कुछ है। उत्तराखण्ड का प्राकृति सौन्दर्य सबको आकर्षित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग से हमें उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी की सहभागिता अति महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए मसूरी में 03 दिन के चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही वे सचिवालय के अनुभागों के अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार खेलों को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। सरकार ने हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री का स्वच्छ दून, सुंदर दून का जो संकल्प है, उसे हम सभी को आपस में समन्वय एवं सहभागिता से धरातल में उतारना है।इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ी पुनीता नागलिया, उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ला, उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महासचिव प्रमोद कुमार, उप निदेशक खेल धर्मेन्द्र भट्ट, जिला क्रीडा अधिकारी शबाली गुरुंग, जे.पी मैखुरी,सचिवालय बैडमिंटन संघ के अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कृषि मंत्री गणेश जोशी बने राज्य कृषि विपणन बोर्डों की राष्ट्रीय परिषद चैयरमैन



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 18 दिसंबर। सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को कन्फेडरेशन ऑफ स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोड्र्स (COSAMB) के अध्यक्ष बनाया गया। विधानसभा भवन में बोर्ड के प्रबंध निदेशक डॉ. जे.एस. यादव ने मुलाकात कर मंत्री जोशी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान बोर्ड के एमडी और मंत्री जोशी के बीच देहरादून मण्डी को हाईटेक बनाने सहित कई संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि निश्चित मुझे राज्य कृषि विपणन बोर्डों की राष्ट्रीय परिषद का चैयरमैन बनाया गया, यह मेरा सौभाग्य है, उसका लाभ हम प्रदेश के हित में देंगे। कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि देहरादून कि जो मंडी है, हमारा प्रयास होगा कि इस बोर्ड के माध्यम से उसको हाईटेक मंडी बनायेंगे। ताकि मंडी की आय में बढ़ोतरी हो सके और उससे अधिक से अधिक लाभ किसानों को भी मिले और आम जनता को भी सुविधा हो, इस दिशा में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि एवम्‌ कृषक कल्याण विभाग के अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

# एक साल से फरार 20 हजार का इनामी बदमाश नैनीताल पुलिस की गिरफ्त में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल , 18 दिसंबर। उत्तराखंड पुलिस अपराधियों की धर पकड़ में बेहद तेज़ी दिखा रही है। बीते दिनों डीजीपी अशोक कुमार ने भी जिलों के कप्तानों को फरार अभियुक्तों को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश भी दिए थे। इसी कड़ी में एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट ने जनपद के विभिन्न अभियोगों में संलिप्त इनामी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कुशल रणनीति बनाकर जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने के आदेश दिए हैं। अब इस कड़ी में बड़ी कामयाबी भी मिलने लगी है और पुलिस ने एक साल से फरार अपराधी को धर दबोचा है। आपको बता दें कि थाना मुखानी में पंजीकृत मुकदमामें अभियुक्त के विरुद्ध NBW वारंटी जारी कराकर जिला स्तर पर 20 हजार का इनामी घोषित कर अपराधी आदित्य उर्फ सोनू को जिला झुंझुनूं राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में यहाँ ये बता दें कि घटना का विवरण पीड़ित परिजन ने थाने में आकर दी की उसकी पुत्री अपने दोस्त के साथ कही चली गई है और वापस नहीं आई है।इसके बाद पुलिस कार्यवाही शुरू हुई और लगातार प्रयासों के बाद इनामी अपराधी की गिरफ्तारी कराए जाने के लिए एसएसपी नैनीताल द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध 20 हजार का इनाम घोषित कर तत्काल गिरफ्तारी करने हेतु सीओ हल्द्वानी और थानाध्यक्ष मुखानी को निर्देशित किया गया । हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी तथा भूपेंद्र सिंह भाकुनी, सीओ हल्द्वानी ने अगुवाई करते हुए रमेश बोहरा, थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सोमेंद्र सिंह मय कॉन्स्टेबल 232 चंदन सिंह



नेगी व 534 एहसान अली इनामी की गिरफ्तारी करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिरसे जानकारी लेकर और अभियुक्त की सर्विलांस के माध्यम से लोकेशन ज्ञात कर अभियुक्त की लोकेशन ग्राम बिदासर थाना बिसाऊ जिला झुंझुनू प्राप्त हुई ।जिस संबंध में थानाध्यक्ष बिसाऊ व टीम को एनबीडब्ल्यू तथा इनामी आदेश के दस्तावेजों से अवगत कराकर संबंधित क्षेत्र की स्थानीय पुलिस के सहयोग से पतारसी करते हुए अभियुक्त उपरोक्त अपने जीजा राकेश पारीक के घर पर ही मौजूद मिला। उक्त वारंटी व उसके जीजा को संबंधित एनबीडब्ल्यू से अवगत करा कर गिरफ्तारी में सहयोग करने हेतु कहा गया तो वारंटी की पत्नी, बहन, परिजनों व वारंटी आदित्य उर्फ सोनू उपरोक्त के समर्थकों ने, वारंटी को ना ले जाने हेतु हंगामा करना शुरू कर दिया, जिसको स्थानीय पुलिस की मदद से काफी जद्दोजहद व मशक्कत के बाद आवश्यक दस्तावेज तैयार कर,नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।



# अंकिता भंडारी हत्याकांड : 500 पन्नों की चार्जशीट, नार्को में खुलेगा VIP नाम





न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 18 दिसंबर। देश को हिला देने उत्तराखंड का बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड अब नए मोड़ पर आ गया है जहाँ एसआईटी ने चार्जशीट पेश कर दी है. इस घिनौनी वारदात में गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खिलाफ एसआईटी ने 100 गवाह बनाए हैं. उत्तराखंड के एडीजी वी मुरुगेशन ने मीडिया को बताया कि चार्जशीट में 30 से अधिक दस्तावेजी साक्ष्य शामिल किए गए हैं. हालांकि उन्होंने अपने बयान में जोड़ा कि अभी आरोपियों का पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट होना बाकी है. फिलहाल एसआईटी ने आईपीसी की धारा 302, 201, 120बी, 354क और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के धाराओं में चार्जशीट फाइल की है.उन्होंने बताया कि केस की चार्जशीट में कई वैज्ञानिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को भी शामिल किया गया है. यह चार्जशीट अभी अभियोजन कार्यालय में दाखिल हुई है. सोमवार को इसे कोर्ट की पटल पर रखा जाएगा. इसके बाद मामले का त्वरित ट्रॉयल कराने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने बताया कि एसआईटी ने निर्धारित 90 दिन के भीतर चार्जशीट तैयार किया है. हालांकि नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के बाद जरूरी हुआ तो इस मामले में सप्लीमेंटरी चार्जशीट भी पेश की जा सकती है. यहाँ बता दें कि आरोपियों की गिरफ्तारी के इसी महीने 22 दिसंबर को तीन महीने पूरे हो रहे हैं.वीआईपी मेहमानों का खुलासा नहीं90 दिन की विवेचना के बाद भी पुलिस अब तक आरोपियों से उस वीआईपी मेहमान के नाम नहीं उगलवा पायी है, जिसकी वजह से अंकिता की हत्या हुई. ऐसे में पुलिस ने मामले में आगे बढ़ने के लिए नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट की ओर बढ़ने का प्रयास किया है. इसके लिए पुलिस की एसआईटी ने कोर्ट से अनुमति भी मांगी है. इसके लिए दो आरोपियों पुलकित और सौरभ भास्कर ने तो अपनी सहमति दे दी थी, लेकिन अंकित ने दस दिन का समय मांग लिया था. इस मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर को ही होनी है.देखना होगा कि सच कब और कितना बाहर निकल कर आ सकेगा।

# कोई किसी भी वर्ग का हो, हरिद्वार पुलिस आपके लिए सदा तत्पर : अजय सिंह, एसएसपी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

- एसएसपी के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस ने हासिल की बड़ी सफलता
- अथक प्रयासों और टीम वर्क का दिखा असर, अपहृत 06 वर्षीय बालक देवबंद से सकुशल बरामद

हरिद्वार, 18 दिसंबर। कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत 6 वर्षीय बालक का दो अज्ञात मोटर साईकिल सवार युवकों द्वारा अपहरण किए जाने की शिकायत पर कोतवाली नगर हरिद्वार में दर्ज किया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए 6 अलग–अलग टीमें बनाई और जल्द सफलतापूर्वक केस सॉल्व करने के निर्देश दिए।ज्वालापुर बच्चा चोरी प्रकरण के सफल खुलासे के बाद इस प्रकरण के खुलासे में जुटी पुलिस टीमों द्वारा सेकड़ो सीसीटीवी कैमरे चैक करते हुए कई लोगों से उक्त सम्बन्ध में पूछताछ की गई। हरिद्वार पुलिस की डॉग स्कॉड द्वारा भी मौके पर आकर खोजबीन के प्रयास किये गए। इन सभी अनेक प्रयासों के बाद एक संदिग्ध मोटर साईकिल में दो युवक दिनांक 09.12.22 को अपहृत मंयक को उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिए। उक्त राजमार्ग में अन्य सीसीटीवी कैमरों की फूटेज देखने के बाद स्पष्ट हुआ कि उक्त मोटर साईकिल रूडकी होते हुये मुजफ्फर नगर की ओर गई है।पुलिस टीमो द्वारा गैर राज्य उत्तरप्रदेश में मोटर साइकिल की तलाश के दौरान दिनांक 16.12.22 को उक्त मोटर साइकिल देवबन्द में दिखाई दी। पुलिस टीम की सक्रियता देख उक्त अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बच्चे को मौहल्ला हंसवाडा देवबन्द सहारनपुर उ0प्र0 में एक मन्दिर के पास छोड दिया गया। बच्चे को सकुशल बरामद कर पुलिस टीम अब आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री धामी ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर कई एलान किये





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अल्पसंख्यक छात्रों हेतु निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग सुविधा का शुभारंभ भी किया। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य करने, विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों एवं अल्पसंख्यक वर्ग की मेधावी छात्राओं को इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन भारत की अखण्डता और एकता के संरक्षण व संवर्धन हेतु हमारे मौलिक कर्तव्यों को याद करने का दिन है।

भारत विभिन्न संप्रदायों, भाषा-बोलियों और संस्कृतियों वाला देश है। अनेकता में एकता भारत की विशिष्ट पहचान है। हमारी भारतीय संस्कृति सभी संप्रदायों का सम्मान करने की रही है। राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के लिए धार्मिक-क्षेत्रीय विविधता के अनुरूप साम्प्रदायिक सद्भाव तथा भाई-चारे की भावना को प्रोत्साहन देने जैसे अनेकों कार्य हमारी प्राथमिकता रही है ।मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास की भावना से देश आगे बढ़ रहा है। अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। दुनिया के पीड़ित समुदाय को अपने देश में शरण देकर ''वसुधैव कुटुम्बकम'' भाव का पालन करना भारत की प्राचीन परंपरा का हिस्सा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में नागरिकता संशोधन विधेयक पारित होना, इसी परंपरा की सार्थकता का पर्याय है। इसी के साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से हमारी मुस्लिम माताओं-बहनों के



अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए देश में तीन तलाक से संबंधित कानून को लागू करना एक ऐतिहासिक फैसला रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा भी अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। देश में विभिन्न योजनाओं का समान रूप से लाभ सभी को मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा भी इस संबंध में कुछ विशेष कदम उठाए गए हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने एवं अल्पसंख्यक छात्र - छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने हेतु "मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना'' प्रारम्भ की है। अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अल्पसंख्यक क्षेत्रों में मांग के अनुसार आर्थिक व शैक्षणिक विकास के लिए 4 करोड़ रुपये की लागत से अल्पसंख्यक विकास निधि की स्थापना की है। मौलाना आजाद एजुकेशन फाईनेन्स फाउन्डेशन योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के गरीब अल्पसंख्यक छात्र - छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा हेतु ब्याज मुक्त ऋण दिये जाने का प्राविधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री हुनर योजना से भी राज्य में अल्पसंख्यकों को रोजगार दिए जाने का कार्य किया जा रहा है।

सरकार ने कलियर शरीफ में 50 बेड का हॉस्पिटल स्वीकृत किया है, उसकी धनराशि भी स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही यह यूनानी मेडिकल कॉलेज कलियर शरीफ में बनेगा ।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन भी गंभीरता से करना होगा। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी वर्गों का सहयोग जरूरी है ।मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर सभी समुदाय के लोगों को साथ लेकर यह भव्य आयोजन किया गया है। समाज के सभी वर्गों के विकास से ही किसी प्रदेश एवं देश का समग्र विकास संभव है। इस दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है ।उत्तराखण्ड अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष डॉ. आर. के जैन ने कहा कि अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए आयोग द्वारा निरन्तर जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार की इन वर्गों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं ।इस अवसर पर उत्तराखण्ड अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मज़हर नईम नवाब, सरदार इकबाल सिंह, उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ.गीता खन्ना, खतीब अहमद, डी.आई.जी पी रेणुका देवी एवं अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिलावल भुट्टो का बयान अमर्यादित व अक्षम्य : सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुट्टो जरदारी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर दिए गए तर्कहीन, घटिया व शर्मनाक बयान के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उत्तराखण्ड़ महेन्द्र भट्ट के नेतृत्व में एवं महानगर अध्यक्ष भाजपा, देहरादून सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी महानगर, देहरादून द्वारा आक्रोश रैली का आयोजन हुआ। रैली का समापन घण्टाघर पर बिलावल भुट्टो का पुतला दहन के साथ हुआ ।प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि बिलावल भुट्टो का बयान माफ करने योग्य नही है, उन्हौंने कहा कि आज जिस प्रकार से देहरादून में यह आक्रोश रैली का आयोजन हुआ है मुझे विश्वास है कि इसकी गुंज पाकिस्तान में बैठे वहां के हुकमरानों को सुनाई पडेग़ी। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री की टिप्पणी बेहद निंदनीय और कायरतापूर्ण है। और यह बयान हास्यस्पद है। उन्हौंने कहा कि पाकिस्तान को इसके लिए माफी मांगनी होगी ।मेयर सुनिल उनियाल गामा, विधायक राजपुर खजान दास, विधायक कैण्ट सवुता कपूर ने भी संयुक्त रूप से पाकिस्तानी विदेश मंत्री के निंदां की अपने-अपने शब्दों में निंदा की और कहा कि बिलावल भुट्टो का यह बयान सत्ता में बने रहने और सरकार बचाने के लिए दिया है। इस बयान का लक्ष्य विश्व को गुमराह करना और पाकिस्तान की धवस्त अर्थव्यवस्था, कानूनी विफलता और अराजकता, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उसकी बिगड़ती स्थिति, और इस तथ्य से ध्यान हटाने की कोशिश है कि पाकिस्तान आतंकियों की प्रमुख शरणस्थली बना हुआ है ।महानगर



अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमिट छाप छोड़ी है, जबकि दूसरी तरफ पड़ोसी देश को वैश्विक स्तर पर हास्यास्पद पर और अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भुट्टो का बयान निरर्थक है और इससे दुनिया में पाकिस्तान की छवि और ख़राब हुई है ।इस दौरान प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री श्री अजेय कुमार जी, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, पूर्व राज्यमंत्री रविन्द्र कटारिया, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा नोटियाल, राजेन्द्र ढिल्लो, संतोष सेमवाल, मोहित शर्मा, विजेन्द्र थपलियाल, सुनिल शर्मा, राजेश बडोनी, आशीष शर्मा, अक्षत जैन, पुनम् बुटोला शर्मा, अर्चना बागढ़ी, सुषमा कुकरेती, रतन सिंह चौहान,सत्येन्द्र नेगी, बबिता सहोत्रा, हरीश डोरा, उज्जवल नेगी, कमली भट्ट, विपिन खण्डूडी, विशाल गुप्ता, संदीप मुखर्जी, अनुराग भाटिया, सोरव कपूर, गोपाल पुरी, कुलदीप पंत, श्याम सुन्दर, सत्यम् अरोड़ा,मोहन जोशी, पुष्पा बड्थ्वाल आदि उपस्थित थे!

# मुख्यमंत्री ने पहाड़ी व्यंजनों की The Heavenly Abode पुस्तक का विमोचन किया



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहाड़ी खाने की रेसेपी पर आधारित पुस्तक The Heavenly Abode पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय उत्पादों एवं व्यंजनों को बढ़ावा देने की दिशा में यह सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल की जो बात कही है। उस दिशा में यह एक अच्छा प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी से अपनी यात्रा व्यय की 5 प्रतिशत धनराशि स्थानीय उत्पादों के क्रय पर व्यय करने की बात कही है। ''The Heavenly Abode'' पुस्तक की लेखिका स्मृति हरि एवं आशु जैन ने कहा कि इस पुस्तक में उत्तराखण्ड के स्थानीय व्यंजनो के बारे में जानकारी दी गई है। अन्य देशों के लोगों को भी उत्तराखण्ड के स्थानीय व्यंजनों के बारे में जानकारी हो इसलिए यह पुस्तक अंग्रजी में लिखी गई है। उन्होंने कहा कि पुस्तक के माध्यम से उत्तराखण्ड के मोटे अनाजों एवं जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है।

# प्रदेश में धर्मांतरण पर कड़ा कानून बनाये जाने पर संत समाज ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्री निरंजनी पंचायती अखाड़े के सचिव महंत श्री रविंद्र पुरी महाराज एवं श्री निरंजनी पंचायती अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने भेंट की। उन्होंने प्रदेश में धर्मांतरण पर कड़ा कानून बनाये जाने पर संत समाज की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में धर्मांतरण पर रोक के लिये प्रभावी व्यवस्था की जानी समय की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि इसका पूरे देश में अच्छा संदेश भी जायेगा। मुख्यमंत्री ने संत समाज से प्रदेश के विकास के लिये अपना आशीर्वाद देने की भी अपेक्षा की।

# कार्यप्रणाली में लायें सुधार , अपराध पर कसें लगाम : श्वेता चौबे, SSP

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 18 दिसंबर। पौड़ी की एसएसपी श्वेता चौबे ने मासिक बैठक के दौरान सभी कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने समस्याओं का समाधान कर सम्बन्धितों को निर्देशित कर समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों में नियुक्त अधीनस्थ कर्मचारियों की प्रत्येक माह मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करने तथा उनकी व्यक्तिगत /पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही पुलिस कार्मिकों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा बीट आरक्षी को बीट पुलिसिंग में सुधार करने, बीट रजिस्टर बनाने, बीट क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी के साथ-साथ आमजन के साथ बेहतर समन्वय बनाये रखने एवं पुलिस कर्मियों के कल्याणार्थ आवासीय व्यवस्था दुरूस्थ रखने के लिये सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया।



- पुलिस वेलफेयर के लिये PRO बने वेलफेयर ऑफिसर
- रात्रि में थाना प्रभारी स्वयं करेंगे पेट्रोलिंग
- अच्छी ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित



**शानदार काम को मिला सम्मान -**

नवम्बर-2022 में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर आरक्षी 284 स0पु0 अरविन्द राय साईबर सेल कोटद्वार, आरक्षी 210 ना0पु0 उत्तम सिंह साईबर सेल कोटद्वार, महिला आरक्षी 250 ना0पु0 विमला साईबर सेल कोटद्वार, आरक्षी 179 ना0पु0 संदीप कुमार थाना कोटद्वार एवं फायर चालक नवनीत सिंह फायर स्टेशन कोटद्वार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा EMPLOYEE OF THE MONTH का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ऑनलाईन पोर्टल iRAD पर सड़क दुर्घटनाओं से सम्बन्धित डाटा का समय पर अद्यतन करने वाले 5 उपनिरीक्षकों ( अजय भट्ट, दीपक तिवारी, सूरत शर्मा, महेश रावत एवं दीपिका बिष्ट ) को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

**मासिक अपराध गोष्ठीः-**

जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को Soft Policing के बजाय Proactive policing (सक्रिय पुलिसिंग) के तहत आपराधिक गतिविधियों को रोकने हेतु आदतन अपराधियों पर कड़ी नजर रखने तथा घटित होने वाले अपराधों का त्वरित अनावरण करने हेतु निर्देशित किया गया। ईनामी, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, NDPS एक्ट में एवं गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध गैगस्टर एक्ट की कार्यवाही कर उनकी सम्पत्ति कुर्क करने एवं आद्यतन अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही कर उनको जिला बदर करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में लम्बित जघन्य अपराध मुख्यतः हत्या, लूट, साईबर ठगी, चोरी एवं महिला अपराध से सम्बन्धित लम्बित अभियोगों का सम्बन्धित पर्यवेक्षण अधिकारियों के नेतृत्व में अति शीघ्र नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। मोटर वाहन अधिनियम के तहत विगत माह में शराब पीकर वाहन चलाने पर 15, तीव्र गति से वाहन चलाने पर 53, ओवर लोडिंग करने पर 46, दुपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर 195, मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 19 एवं 90 व्यक्तियों के विरूद्ध डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत थाना पैठाणी के अलावा किसी भी थाने द्वारा अपेक्षाकृत संतोषजनक/सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी। जिसके सम्बन्ध में घोर आपत्ति प्रकट कर सम्बन्धित थाना प्रभारियों का अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

**एक नज़र एसएसपी श्वेता चौबे के निर्देशों पर डालते हैं -**

जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्रों में नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों एवं वाहन स्वामियों विरूद्ध अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम 1988 ( संशोधित-2019 ) की धारा 199ए ( 1 ) के तहत कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया। जनपद में आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2022 में 102 अभियोग एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत 33 अभियोग पंजीकृत किये गये। जो कि विगत वर्षो की अपेक्षा काफी कम होने पर घोर आपत्ति प्रकट करते हुये समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थो व अवैध शराब/कच्ची शराब/ नकली शराब, बनाने/बेचने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिया गये।

थानों में लम्बित विवेचनाओं/ अभियोगों/ शिकायती प्रार्थना पत्रों एवं सम्मन/वारंट/नोटिस का समय पर निस्तारण किये जाने, अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी किये जाने



एवं माननीय न्यायालयों से सम्बन्धित थानों के अभियोगों में साक्ष्य हेतु निर्धारित समयावधि में उपस्थित होने हेतु कड़े निर्देश दिये गये।

जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर लगाम कसने हेतु रात्रि में थाना प्रभारी स्वंय अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैट्रोलिंग करेंगे। "ड्रग्स फ्री देवभूमि" मिशन 2025 के तहत युवाओं को नशे से बचाने के लिए लगातार चैकिंग अभियान चलाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने व लोगों को नशे के विरुद्ध जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया।

₹एक साझू प्रयास, पुलिस वाला गुरजी का साथ ₹ यानि ₹आपका और पुलिस का सामूहिक प्रयास₹ की थीम पर समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं को *Self Defence Training/UAC (Un Armed Combat) का प्रशिक्षण एवं गुड टच बेड टच के अन्तर, पोक्सो एक्ट/Legal Rights के साथ-साथ छात्राओं को साईबर सेफ के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद की भौगोलिक स्थिति विषम होने के कारण दूरस्थ थानों में नियुक्त पुलिस कर्मियों से सीधे संवाद स्थापित करने एवं उनके वेलफेयर हेतु PRO को वेलफेयर ऑफिसर नियुक्त कर कर्मचारियों की समस्याओं, अवकाश एवं सुझाव आदि हेतु एक नया व्हाट्सएप नम्बर- 7906992006 जारी किया गया है। समस्त थाना प्रभारी रात्रि में ठण्ड में ड्यूटीरत पुलिस कर्मचारी गणों को चाय एवं अलाव की व्यवस्था करेंगे। जिससे कर्मचारी रात्रि में अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से कर सकें।

गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार गणेश लाल कोहली, पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर श्यामदत्त नौटियाल, पुलिस उपाधीक्षक सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अनुराग कुमार, रेडियो निरीक्षक मनोज पाण्डे, आशु लिपिक अमर सिंह राणा, वाचक उमेश कुमार, पीआरओ मुकेश गैरोला व समस्त शाखा/ थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# क्रिप्टोकरेंसी पर ठोस फैसले की जरूरत

ट्यूलिप मेनिया, जिसे इतिहास के पहले वित्तीय बुलबुले के रूप में भी जाना जाता है, की शुरुआत सत्रहवीं शताब्दी में यूरोप में हुई. कैरोलस क्लूसियस ने 1590 के दशक में लीडन यूनिवर्सिटी के अपने निजी बागीचे में ट्यूलिप की खेती शुरू की, जो धीरे-धीरे पूरे नीदरलैंड में फैल गयी. इसके बाद क्लूसियस ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा इस रहस्यमयी परिघटना ट्यूलिप विखंडन को समझने में लगा दिया, जिसमें ट्यूलिप फूल की पंखुड़ियां बहुरंगी पैटर्न में बदल जाती हैं. इस परिघटना के बाद ट्यूलिप की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई. ट्यूलिप को अपने यहां उगाना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया. अगर मुद्रास्फीति का हिसाब लगाकर देखा जाए, तो एक समय ट्यूलिप की कीमत पचास हजार से डेढ़ लाख डॉलर के बीच पहुंच गयी थी, ठीक उसी तरह जैसे बिटक्वाइन के दाम बहुत अधिक बढ़ गये थे. हालांकि कई वर्षों बाद यह पता चला कि ट्यूलिप के फूल में दिखने वाली अजीबो-गरीब घटना फूलों को संक्रमित करने वाले वायरस के कारण हुई थी. उस घटना की तुलना वर्तमान के क्रिप्टोकरेंसी को लेकर दुनियाभर में फैले उन्माद से की जा सकती है. रहस्यमयी सतोशी नाकामोतो द्वारा बिटक्वाइन की शुरुआत के बाद से ही क्रिप्टोकरेंसी की मांग भी बढ़ती गयी है और इसके प्रति लोगों का आकर्षण भी बढ़ा है. तकनीक के वर्तमान दौर में क्रिप्टोकरेंसी को एक विनियमित सत्ता विरोधी मुद्रा के रूप में देखा जाता है, जो लोगों को शक्ति देता है. क्रिप्टो समर्थक यह दावा करते हैं कि मुद्रा का यह स्वरूप मुद्रा की अस्थिरता, मुद्रास्फीति, ब्याज दर और खर्च करने की शक्ति को सत्ता से स्थानांतरित कर लोगों को दे देता है, जो ब्लॉकचेन तकनीकों के माध्यम से करेंसी का खनन कर सकते हैं. लेकिन यह बात सच्चाई से दूर है. बिटक्वाइन में सीमित सिक्के होते हैं, जिनका खनन (तकनीक से) हो सकता है तथा जैसे-जैसे खनन का काम बढ़ता है, प्रक्रिया कठिन होती जाती है और पर्यावरणीय जटिलताएं बढ़ती जाती है. कैंब्रिज सेंटर फॉर ऑल्टरनेटिव फाइनेंस के एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में, जब बिटक्वाइन चरम पर था, तब इसमें लगभग 110 टेरावॉट घंटे बिजली की खपत प्रतिवर्ष हुई थी. यह वैश्विक विद्युत उत्पादन का 0.55 प्रतिशत हिस्सा था और इतनी विद्युत ऊर्जा मलेशिया की पूरी खपत है. वर्तमान ऊर्जा संकट को देखते हुए बिजली की ऐसी बर्बादी असहनीय है. पर यह क्रिप्टो के बुरे प्रभाव का एक उदाहरण है. साल 2009 से इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से डार्क व डीप वेब में खरीदारी, हवाला, नशीले पदार्थ, रिश्वत आदि में किया जाता रहा है. तेज डिजिटलीकरण में ट्यूलिप मेनिया की तरह क्रिप्टो बबल भी बढ़ा.

# भाजपा के हाजी दिलशाद कुरैशी ने बुजुर्गो और विधायकों के साथ मनाया अल्पसंख्यक दिवस

**फिरोज़ आलम**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून, 18 दिसंबर। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर इनामुल्ला बिल्डिंग में अल्पसंख्यक विकास मंच की और से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विधायक खजांदास जी और विधायक ।विनोद चमोली मौजूद रहे मंच द्वारा शॉल पहनाकर दोनो विधायको को सम्मानित ।किया गया इस मौके पर मंच के अध्यक्ष हाजी दिलशाद अहमद ने कहा की अल्पसंख्यकों के अधिकारों और उनकी समस्याओं को लेकर मंच लंबे समय से कार्य कर रहा है जल्दी मंच का विस्तार किया जायेगा और अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य किए जायेंगे इस मौके पर उलेमा हजरात और मौजीज लोग मौजूद रहे







# साहित्य समाज का दर्पण होता है और कविता उसमें छवि का रूप : सूर्यकांत धस्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। मानवीय संवेदनाओं, प्रकृति एवं पर्यावरणीय चिंताओं , अभाव व गरीबी समेत अनेक विषयों पर कवि एवं साहित्यकार संजीव शर्मा द्वारा लिखी गयी कविताओं के संग्रह बहुत दूर तक तेरा साथ का विमोचन साहित्यिक गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने शिव लोक कालौनी रायपुर में किया गया।

67 कविताओं के बेहतरीन संग्रह पर बोलते हुए लीडर सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि संजीव शर्मा जी ने जो कविताएं लिखी हैं उनमें उनकी भावनाएं व उनकी संवेदनशीलता की झलक साफ दिखाई देती हैं । प्रकृति के साथ छेद छाड़ व वनों के कटान से लेकर पशु पक्षी , महिला, पिता और अनेक विषयों पर उन्होंने जिस



भी विषय पर लिखा उसने मन मस्तिक्ष पर छाप छोड़ने का काम किया है क्योंकि उन्होंने बहुत सरल व लोक भाषा में लिखा है।

धस्माना ने कहा कि जो भी साहित्य लोक भाषा में लिखा जाता है वो समाज के लिए बहुत लाभदायक होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम की कथा महाऋषि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर भगवान राम के अवतरित होने से हज़ारों साल पहले कर दी थी परंतु भगवान राम की कथा जन जन की कथा तभी बनी जब गोस्वामी तुलसी दास जी ने लोक भाषा में रामचरित्र मानस के रूप में किया। समाजसेवी सूर्यकांत धस्माना ने इस अवसर पर साहित्यकार मदन लाल शर्मा की मांग पर घोषणा करी कि साहित्यिक व सामाजिक संस्था के संयोजकत्व में प्रति माह के अंतिम रविवार को एक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन मंगला देवी इंटर कालेज के प्रांगण में होगा।

फिल्म समीक्षक एवम इतिहासकार, मनमोहन चढ़ा, वरिष्ठ साहित्यकार व्यंग्यकार मदन शर्मा, कवि राजेश पाल, साहित्यकार आनंद दीवान, कवि प्रदीप, वंदना, प्रधानाध्यापक अवतार सिंह चावला, प्रोफेसर करमजीत भाटिया, भजन गायिका सुश्री करुणा चौहान, चंदा शर्मा, डॉक्टर दियांशा शर्मा, हरिद्वार से, विदित शर्मा, रिया जोशी शिक्षक अर्चना ठाकुर, कीर्ति सोनी इस अवसर उपस्थित रहे।

# लाखों की स्मैक के साथ 2 गिरफ्तार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने ड्रग्स फ्री देव भूमि की परिकल्पना को साकार करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर अपने-अपने थानाक्षेत्र में नशा तस्करों के विरुद्द प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नेहरू कॉलोनी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष रायपुर ने टीम गठित कर क्षेत्र में रवाना की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा सूचनातंत्र मजबूत करते हुये लाडपुर तिराहा रिंग रोड के पास से दो अभियुक्त जितेंद्र सिंह पुत्र भवर सिंह व शिवम ठाकुर को 25 ग्राम स्मैक के साथ मय मोटर साइकिल बुलेट के साथ गिरफ्तार किया गया। अन्तराष्ट्रिय मार्किट में उक्त स्मैक की कीमत 2.5 लाख रुपये आंकी गयी है। अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना रायपुर में धारा 8/21 NDPS act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। जिन्हें समय से माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया की वे 6-7 माह से



देहरादून में गैस रिफलिंग का काम कर रहे हैं जिसकी आढ में वे स्मैक का कारोबार कर रहे थे तथा स्मैक को बरेली से लाकर देहरादून के अलग-अलग क्षेत्रों में नशे के आदी लोगों को बेचा करते थे। जिससे उनको अच्छी खासी इन्कम हो जाती थी और कोई इन पर शक भी नहीं करता था।

**ये हैं सफलता पाने वाली पुलिस टीम**

1-So कुन्दन राम 2- SSI आशीष रावत 3-Si राजीव धारीवाल 4-कांस्टेबल 84 सौरव वालिया 5-कांस्टेबल 1745 संतोष 6-कांस्टेबल 1199 प्रमोद

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# दिल्ली की विधि गुप्ता बनी मलिका ए रसोई की विजेता

## राजस्थान से उर्वशी बिलानी एवं हरियाणा से रितिका रही दूसरे व तीसरे स्थान पर

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 18 दिसंबर। मॉम्स मैजिक कुकिंग द्वारा आयोजित मल्लिका ए रसोई के सीजन 3 का ग्रैंड फिनाले देहरादून में संपन्न हुआ जिसमें दिल्ली की विधि गुप्ता विजेता रही वही राजस्थान की उर्वशी बेलानी एवं हरियाणा से रितिका दूसरे व तीसरे स्थान पर रही नॉन फायर कुकिंग नेहा गर्ग वह डिजिटल विनर उड़ीसा से संतोष बोंधिया रही।पिछले 3 दिनों से देहरादून में चल रहे मॉम्स मैजिक कुकिंग द्वारा आयोजित मलिकाएं रसोई के ग्रैंड फिनाले का आज धूमधाम से समापन हुआ 17 प्रदेशों से पहुंची महिला प्रतिभागियों ने कई राउंड कुकिंग के क्लियर की है जिनमें सूंघ के इनग्रेडिएंट्स बताना, अमूल के मैशड पटेटो से डिशेस बनाना, घेवर बनाना आदि शामिल था। कुकिंग प्रतियोगिता को जज करने के लिए शेफ बालेंद्र सिंह, वेंकटेश शर्मा, प्रेम राम, मोहन रावत आदि मौजूद थे।कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करने के लिए बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर हिलॉक स्कूल की ओनर रक्षिमा तोमर टैरो एवं एस्ट्रोलॉजर आचार्य वर्षा माटा, नीति आयोग की उत्तराखंड की मास्टर ट्रेनर एवं समाजसेवी राधिका गुरंग एवं समस्त शेफ मौजूद थे।कार्यक्रम की आयोजक समीक्षा अग्रवाल ने कहा कि मॉम्स मैजिक कुकिंग एवं बहुला हमेशा से ही महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के क्षेत्र में काम करता रहा है और कुकिंग के माध्यम से एक प्लेटफार्म देने की कोशिश कर रहा है जिससे कि सभी महिलाएं अपने अंदर के हुनर को पहचान कर अपने पैरों पर खड़ी हो सके इसमें धन्यवाद करना चाहूंगी अपने सभी आयोजकों जिनमें अमूल सलोनी मस्टर्ड ऑयल सोनाली ऑइल आदि शामिल रहे।

**नॉन फायर कुकिंग में नेहा गर्ग डिजिटल विनर रही उड़ीसा की संतोष बोंधीया**





